# बाल विवाह उन्मूलन हेतु टास्क फोर्स

## चर्चा में क्यों?

बिहार सरकार ने राज्य में [बाल विवाह](#) को रोकने और उन्मूलन के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय '**टास्क फोर्स**' गठित करने का निर्णय लिया है।

## मुख्य बिंदु

- **टास्क फोर्स का उद्देश्य एवं कार्य**
    - बाल विवाह की रोकथाम हेतु पुलिस और अन्य एजेंसियों को प्रभावी रूप से निर्देशित करना।
    - **बाल विवाह निषेध अधिनियम (PCMA)** से जुड़े मामलों का कठोरता से निपटारा सुनिश्चित करना।
    - बाल विवाह निषेध अधिकारियों (CMPO) और विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) के बीच समन्वय बढ़ाना।
    - प्रत्येक जिले और उप-विभाग स्तर पर बाल विवाह संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति।
- **राज्य में बाल विवाह की स्थिति**
    - **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS)-5** के अनुसार, बिहार देश में बाल विवाह की दर के मामले में पश्चिम बंगाल के बाद **दूसरे स्थान पर आता है।**
    - रिपोर्ट के अनुसार **राज्य में 40.8 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 साल की उम्र से पहले हो जाती है।**
- **बाल विवाह उन्मूलन हेतु अन्य प्रयास**
    - **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान** के तहत स्कूलों में छात्राओं के साथ संवादात्मक बैठकें।
    - **मुखबिर प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत सत्यापित सूचना देने पर ₹5000 तक का नकद इनाम।
    - **ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर** का आयोजन ताकि समुदाय को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा सके।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान

- जनवरी 2015 में इसे लिंग आधारित गर्भपात और घटते बाल लिंग अनुपात को संबोधित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, **जो 2011 में प्रत्येक 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियों पर था।**
- यह **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय** की एक संयुक्त पहल है।
- यह कार्यक्रम देश के 405 ज़िलों में लागू है।

## बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006

#### परिचय

- बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (Prohibition of Child Marriage Act), 2006 भारत सरकार का एक अधिनियम है, जिसे समाज में बाल विवाह को रोकने हेतु लागू किया गया है।

#### अधिनियम के मुख्य प्रावधान

- इस अधिनियम के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष या 18 वर्ष से कम आयु की महिला के विवाह को बाल विवाह की श्रेणी में रखा जाएगा।
- इस अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह को **दंडनीय अपराध माना गया है।**
- साथ ही बाल विवाह करने वाले वयस्क पुरुष या बाल विवाह को संपन्न कराने वालों को इस अधिनियम के तहत **दो वर्ष के कठोर कारावास या 1 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों सज़ा से दंडित किया जा सकता** है किंतु किसी महिला को कारावास से दंडित नहीं किया जाएगा।
- इस अधिनियम के अंतर्गत किये गए **अपराध संज्ञेय और गैर ज़मानती होंगे।**
- इस अधिनियम के अंतर्गत अवयस्क बालक के विवाह को अमान्य करने का भी प्रावधान है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/task-force-to-eradicate-child-marriage